Jio DIGITAL LIFE

क्रमांक / जिडिफाप्रालि / ओएफसी / प्रस्ताव / सूरजपुर / 2025 रायपुर, दिनांक : **14/05/2025**

प्रति,

**वन मण्डलाधिकारी,**
वन मण्डल सूरजपुर,
जिला–सूरजपुर (छत्तीसगढ)

विषय : सूरजपुर जिले के सूरजपुर वनण्डल अन्तर्गत वन संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु Laying of OFC along with ROW (Road Corridor) under Network Strengthening and providing connecting to Rural Areas in Surajpur District of Chhattisgarh हेतु क्षेत्रफल 7.396 हेक्टेयर के संबंध में ।

**पंजीयन क्रमांक FP/CG/OFC/146672/2021**

संदर्भ : आपका पत्र क्रमांक / मा.चि. / 800 दिनांक 26.04.2024 ।

महोदय,

संदर्भित पत्र के परिपालन में लेख है कि विषयांकित प्रकरण वर्ष 2021 में पंजीकृत है तथा तत्समय वन (संरक्षण) नियम 2003 यथा संशोधित 2009 अन्तर्गत प्रस्ताव प्रक्रियाधीन था एवं उक्त प्रकरण में EDS एवं EDS प्रत्युत्तर के पत्राचार में प्रकरण आज पर्यन्त तक विचाराधीन है ।

उपरोक्त संदर्भित पत्र में आपके द्वारा प्रकरण में **"वैकल्पिक वृक्षारोपण क्षेत्र हेतु गैर वनभूमि का चयन कर डी.जी.पी.एस. रिपोर्ट एवं संबंधित परिक्षेत्र अधिकारी से 10 वर्षीय सिंचित वृक्षारोपण परियोजना तैयार कर"** प्रस्तुत किए जाने हेतु लेख किया गया है ।

उक्त संबंध में अवगत हो कि उपरोक्त बाध्यता वन (संरक्षण एवं संवर्धन) नियम 2023 अन्तर्गत परिवेश पोर्टल 2.0 में प्रक्रियाधीन प्रकरणों में लागू है ।

विषयांकित प्रकरण के संबंध में संस्थान द्वारा भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन **"परिवेश पोर्टल"** के Complaint Management System में Complaint ID : TIC-25029197 के माध्यम से Ticket raised कर मार्गदर्शन चाहा गया, जिस पर दिनांक 14.05.2025 को Complaint Management System द्वारा Ticket resolve कर **डी–लीस्टेड प्रकरण को रि–लीस्ट** करते हुए निर्देशित किया गया है कि **"प्रकरण परिवेश पोर्टल 1.0 के माध्यम से ही व्यपवर्तन की कार्यवाही अग्रेषित होगी** (अवलोकन हेतु छायाप्रति संलग्न है) । इसी अनुक्रम में विदित हो कि परिवेश 1.0 के प्रक्रियाधीन प्रकरणों में सड़क समानांतर (आर.ओ.डब्ल्यू.) सीमा में ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने हेतु भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र क्रमांक FC-11/155/2019-FC दिनांक 27 जुलाई 2020 के माध्यम से वैकल्पिक वृक्षारोपण की प्रकिया में छूट प्रदान की गई है । अवलोकन हेतु पत्र की छायाप्रति संलग्न है ।

4th Floor, Office Block, Office No.401-405, Ambuja Mall, Vidhansabha Road, Mowa (Saddu), Raipur (Chhattisgarh)-492014
Office Phone No. : 0771-3557701
Jio Digital Fibre Private Limited, CIN : U72900GJ2007PLC105869
Registered Office : Office – 101, Saffron, Nr. Centre Point, Panchwati 5 Rasta, Ambawadi, Ahmedabad – 380 006, Gujarat, India.
Phone No.: 079-3560 0100, www.jio.com

अतः उपरोक्तानुसार लम्बित प्रकरण परिवेश पोर्टल 1.0 में कार्यवाही अग्रेषित करने का कष्ट करें।

(अमित कुमार सिंह)
असि.वाईस प्रेसिडेंट (कार्पो. अफेयर्स)
जियो डिजीटल फायबर प्रायवेट लिमिटेड
रायपुर (छत्तीसगढ़)

संलग्न :– उपरोक्तानुसार छायाप्रति ।

प्रतिलिपि :–

1. प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (भू–प्रबंध / व.स.अ.), अरण्य भवन, नवा रायपुर, अटल नगर को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।